आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 19.07.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश में पारिस्थितिक तंत्र के विकास का आकलन सकल पर्यावरण उत्पाद सूचकांक के माध्यम से किया जाएगा।
- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने श्रीनगर गढ़वाल के राजकीय मेडिकल कॉलेज बेस अस्पताल में कार्डियक कैथ लैब का लोकार्पण किया।
- केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा के लिए चमोली के जिला अस्पताल गोपेश्वर को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र प्रदान किया।
- वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत उत्तरकाशी जिले के नेलांग और जादूंग गांव की पुनर्स्थापना के लिए सेना ने सात योजनाएं तैयार कीं।

..............................................................................

<u>जी०ई०पी सूचकांक</u>

प्रदेश में पारिस्थितिक तंत्र के विकास का आकलन अब सकल पर्यावरण उत्पाद–जी०ई०पी सूचकांक के जरिए किया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून में जी०ई०पी सूचकांक का शुभारम्भ किया। उत्तराखण्ड विश्व में पहला ऐसा राज्य है, जहां सकल पर्यावरण सूचकांक के माध्यम से पारिस्थितिक तंत्र के विकास का आकलन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब राज्य में जीडीपी के साथ ही जी०ई०पी को भी जारी किया जा सकेगा। यह सूचकांक आर्थिक विकास का पैमाना है जिसमें जंगल, जमीन सबका योगदान होगा। इसके आंकलन से इकोलॉजी और इकोनामी के बीच बेहतर सामजस्य स्थापित होगा।

श्री धामी ने कहा कि जी०ई०पी सूचकांक से पर्यावरण के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी। इससे पर्यावरण संरक्षण में योगदान का आकलन किया जा सकेगा। भविष्य की योजनांए बनाने में भी यह सूचकांक सहायता करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में विकास की योजनाएं और औद्योगिक गतिविधियों का साथ–साथ प्रसार हो रहा है और अब उत्तराखण्ड जलवायु के संरक्षण की दिशा में भी आगे बढ रहा है।

.....................................................................

## कार्डियक कैथ लैब

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने आज वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली राजकीय आयुर्विज्ञान एवं शोध संस्थान, श्रीनगर गढ़वाल के राजकीय मेडिकल कॉलेज बेस अस्पताल में 6 करोड़ 35 लाख की लागत से बनी कार्डियक कैथ लैब का लोकार्पण किया। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत और गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल ने कहा कि पर्वतीय जिलों में लगभग 20 लाख से अधिक आबादी के अलावा चारधाम व हेमकुण्ड साहिब के श्रद्धालुओं के लिए कार्डियक कैथ लैब, बेहद लाभकारी होगी। वहीं, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिथौरागढ़ में मेडिकल कॉलेज एक वर्ष के भीतर तैयार हो जाएगा। अस्पतालों में प्रतिदिन लगभग 3 हजार 700 लोग ओपीडी में आते हैं। सरकार ने ओपीडी का पर्चा 29 रुपए से घटाकर 20 रुपए करने का निर्णय लिया है, अब एक प्रदेश एक पर्चा के तहत किसी भी अस्पताल का पर्चा अन्य अस्पताल में भी चलेगा।

.....................................................................

## माइक्रोसॉफ्ट साफ्टवेयर में गडबडी

माइक्रोसॉफ्ट साफ्टवेयर में आई गडबडी के कारण दुनिया भर में लाखों लोग प्रभावित हुए हैं और बडे उद्योगों, बैंकिंग सेवाओं और अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस का कामकाज बाधित हुआ है।

भारत में इंडिगो, अकासा और स्पाइसजेट एयरलांइस का कामकाज पूरे देश में प्रभावित हो गया है। पूरे विश्व में एयरलाइन्स का कहना है कि उनकी चैक–इन प्रणाली में सुबह से ही गडबडी हो रही है।

यह गडबडी कथित तौर पर अमरीका स्थित साइबर सुरक्षा प्रदाता क्राउडस्ट्राइक से संबंधित है। इसका फाल्कन सेंसर सुरक्षा डेटा इकट्ठा करने के लिए कई व्यावसायिक कंप्यूटरों पर स्थापित किया गया है। "क्राउडस्ट्राइक ने अपनी वेबसाइट पर एक बयान में कहा है कि उसे फाल्कन सेंसर से संबंधित विंडोज के क्रैश होने की जानकारी मिली है। कंपनी ने कहा है उनकी इंजीनियरिंग टीमें इस समस्या को सुलझाने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही हैं।

.....................................................................

## सर्वोच्च न्यायालय

सर्वोच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी से नीट यूजी–2024 के सभी परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम कल दोपहर 12 बजे तक वेबसाइट पर डालने को कहा है। न्यायालय ने उम्मीदवारों के नाम उजागर किए बिना शहर और केन्द्र–वार परिणाम प्रकाशित करने का निर्देश दिया है।

.....................................................................

उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा 1

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा और मरीजों को बेहतर इलाज की सुविधा देने के लिए सीमांत चमोली जिले के जिला अस्पताल गोपेश्वर को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र प्रदान किया है। मंत्रालय की टीम ने मार्च में इस अस्पताल का निरीक्षण किया था। जिले के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अनुराग धनिक ने बताया कि चमोली जिला अस्पताल, बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के चलते राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण के मानकों पर खरा उतरा है। इसके लिए जिला अस्पताल को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक व लक्ष्य नेशनल सर्टिफिकेट प्राप्त हुआ है। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण–पत्र प्रदान करने से पहले विशेषज्ञों की टीम अस्पताल की सेवाओं और संतुष्टि स्तर का विभिन्न मानकों पर परीक्षण करती है। इनमें लेबर रूम, मैटरनिटी ओ0टी0, जनरल ओटी, फार्मेसी, रेडियोलॉजी, मेटरनिटी वार्ड और जनरल एडमिन का गुणवत्ता आश्वासन मानक के तहत मूल्यांकन किया गया। जिसमें चिकित्सालय की सेवा व्यवस्था, मरीजों के अधिकार व दायित्व, इनपुट सपोर्ट सर्विसेज, क्लीनिक सर्विस, इन्फेक्शन कंट्रोल, गुणवत्ता प्रबंधन और आउटकम जैसे मानक शामिल है। इन कड़े मानकों पर खरे उतरने वाले अस्पतालों को ही स्वास्थ्य मंत्रालय, गुणवत्ता प्रमाण–पत्र जारी करता है। इसके तहत जिला चिकित्सालय गोपेश्वर प्रत्येक अनुभाग में अव्वल पाया गया।

..................................................................

ऑपरेशन सद्भावना

भारतीय सेना, देश के सीमांत गांवों को विकसित करने में भी अपना योगदान दे रही है। इस कड़ी में केंद्र सरकार की वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत उत्तरकाशी जिले के नेलांग और जादूंग गांव की पुनर्स्थापना के लिए सेना ने सात योजनाएं तैयार की हैं। इन योजनाओं को पूरा करने के लिए आपरेशन सद्भावना शुरू किया गया है। जिले के मुख्य विकास अधिकारी जयकिशन ने बताया कि ऑपरेशन सद्भावना के तहत इन गांवों में मूलभूत सुविधाओं के विकास के साथ ही पर्यटन को बढ़ावा दिया जाएगा। इससे सीमांत गांवों में पलायन रूकने की आशा है।

पहले चरण में जादूंग गांव में छह होम स्टे बनाने की स्वीकृति मिली है। इसके बाद 17 और होम स्टे और बनाए जाएंगे। इन गांवों में संचार और विद्युत सुविधा का विस्तार भी किया जाना है। इसके साथ ही भैरव घाटी से लेकर जादूंग तक ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने की संभावना भी तलाशी जा रही है।

..................................................................

कुमाऊं आयुक्त

कुमाऊं मण्डल के आयुक्त दीपक रावत ने आज ऊधमसिंह नगर जिले के किच्छा में निर्माणाधीन एम्स सैटलाइट सेंटर और रुद्रपुर–किच्छा बाईपास का संबंधित अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। एम्स सैटलाइट सेंटर का निरीक्षण करते हुए मंडलायुक्त ने कार्यदायी संस्था के कार्य पर संतोष व्यक्त करते हुए

गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि 280 बेड के एम्स सैटलाइट सेंटर का कार्य तेजी से चल रहा है और अगले साल अक्टूबर तक यह प्रोजेक्ट पूरा हो जाएगा।

इससे पहले, रुद्रपुर–किच्छा बाईपास के निरीक्षण के दौरान कुमाऊं मण्डलायुक्त ने कार्य की गति पर सन्तोष जताया। यह बाईपास किच्छा रोड– एनएच 74 से एनएच 87 रामपुर रोड–काशीपुर रोड से होते हुए सिडकुल के पास नैनीताल रोड को जोड़ेगा। इसकी कुल लम्बाई 20 दशमलव 6–4 किलोमीटर है और इसकी कुल लागत 1 हजार 152 करोड़ रुपए है। कार्यदायी संस्था ने बताया कि बाइपास को पूरा करने की अवधि जुलाई 2026 है, लेकिन इसे निर्धारित अवधि से पहले ही पूरा कर लिया जाएगा।

.....................................................................

फास्टैग

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण फास्टैग नहीं लगाने वाले वाहन मालिकों से दोगुना टोल वसूल करेगा। प्राधिकरण ने कहा है कि जानबूझकर विंडस्क्रीन पर फास्टैग न लगाने से टोल प्लाजा पर अनावश्यक देरी होती है, जिससे अन्य लोगों को असुविधा होती है। प्राधिकरण ने इस संबंध में सभी शुल्क संग्रह एजेंसियों को विस्तृत मानक संचालन प्रक्रिया जारी कर ऐसे वाहनों से दोगुना शुल्क वसूल करने को कहा है।

.....................................................................